पैरेंट्स के लिए सेफ़्टी चेकलिस्ट

Snap चैटर्स के पैरेंट्स के लिए मददगार टिप्स। अपने टीनेजर को इन बातों की याद दिलाएं:

- **सिर्फ़ फ़ैमिली और फ़्रेंड्स से कनेक्ट करें।** उन्हें चाहिए कि वे सिर्फ़ उन लोगों को इंवाइट करें और उनके फ़्रेंड इंविटेशन स्वीकार करें जिन्हें वे असल में जानते हैं।

- **यूज़रनेम को सावधानी से चुनें।** ऐसा कोई यूज़रनेम न चुनें जिसमें उसकी उम्र, जन्म की तारीख, व्यक्तिगत जानकारी या निजी राय शामिल हो। आपके टीनेजर के यूज़रनेम में उम्र या जन्म की तारीख जैसी कोई व्यक्तिगत जानकारी कभी भी शामिल नहीं होनी चाहिए।

- **सही उम्र के साथ साइन अप करें।** आपके टीनेजर को उसकी उम्र के मुताबिक सुरक्षा देने के लिए बहुत ज़रूरी है कि उसके जन्म की सटीक तारीख दर्ज की जाए।

- **लोकेशन शेयर करने से पहले दो बार जांच करें।** हमारे मैप पर सभी के लिए लोकेशन शेयर किया जाना डिफ़ॉल्ट रूप से बंद है। अगर आपका टीनेजर उसे चालू करने जा रहा है, तो उसका इस्तेमाल केवल भरोसेमंद फ़्रेंड्स और फ़ैमिली के साथ ही किया जाना चाहिए।

- **भरोसेमंद वयस्क से बात करें।** जब बात सुरक्षा और भलाई की हो, तो कोई सवाल या बातचीत गलत नहीं होती है। अपने टीनेजर से कहें कि कोई मुद्दा या चिंता होने पर वह किसी भरोसेमंद वयस्क से बात करे।

- **इन-ऐप रिपोर्टिंग का इस्तेमाल करें।** आपके टीनेजर को पता होना चाहिए कि रिपोर्ट गोपनीय होती है, जिसे रिव्यू के लिए सीधे हमारी 24/7 ट्रस्ट और सेफ़्टी टीम के पास भेजा जाता है।

- **कुछ भेजने से पहले सोचें।** जिस तरह की सावधानी कोई भी चीज़ ऑनलाइन शेयर करते समय बरती जाती है, ठीक वैसे ही किसी भी व्यक्ति को निजी या संवेदनशील तस्वीरों और जानकारी की रिक्वेस्ट करते या भेजते समय सावधानी बरतनी चाहिए, फिर चाहे वह व्यक्ति पार्टनर या करीबी फ़्रेंड क्यों न हो।

- **Snapchat का फ़ैमिली सेंटर जॉइन करें।** पैरेंट्स द्वारा उनके टीनेजर की गतिविधियों को नियंत्रित करने के लिए बनाए गए Snapchat के फ़ैमिली सेंटर में साइन अप करें और अपने टीनेजर से भी ऐसा करने को कहें। यहां आप देख सकते हैं कि आपके टीनेजर की बातचीत उसके किन फ़्रेंड्स से होती है और आप चाहें तो कॉन्टेंट भी नियंत्रित कर सकते हैं।